# फागण आया है | By Sunanda Choubisa

आया मौसम मस्त बहार फागण आया है
के फागण आया है फागण आया है
फागण आया है फागण आया है
रंग उड़े श्याम दरबार फागण आया है

धूम मची है खाटू में उड़ रहे रंग गुलाल रे
सांवरिया की नगरी में खूब मचा है धमाल रे
होरी रंगो की बौछार फागण आया है

रींगस से ही भगतों की चलती लम्बी कतार जी
श्याम ध्वजा ले हाथों में करते जय जयकार जी
चले पाने श्याम का प्यार फागण आया है

जिसको देखो उसपे चढ़ा रंग है मेरे श्याम का
रंग रंगीला हो गया नक्शा देखो खाटू धाम का
चल कुंदन तू इस बार फागण आया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-sunanda-choubisa-2/